## मॉड्यूल 8: वैश्विक महामारी के दौरान बाल संरक्षण

### सत्र 1: वैश्विक महामारी और बाल संरक्षण के मुद्दे

अवधि: 1:30 मिनट

बाल संरक्षण के ई–लर्निंग पाठ्यक्रम के आठवें मॉड्यूल महामारी के दौरान बाल संरक्षण में आप सभी का स्वागत है।

इस मॉड्यूल में हम इस बात की चर्चा करेंगे कि वैश्विक महामारी कोविड–19 क्या है तथा इसकी रोकथाम तथा नियंत्रण के क्या उपाय है; और कोविड–19 के दौरान उभरने वाले बाल संरक्षण के मुद्दे क्या हैं (जिसमें देखरेख एवं संरक्षण के ज़रूरतमंद बच्चे एवं कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों के मुद्दे भी शामिल है), बाल संरक्षण पर कार्य करने वालों जैसे विशेष किशोर पुलिस इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय परिषद् और बाल देखरेख संस्थानों की वैश्विक महामारी के दौरान भूमिका क्या है, कोविड–19 के कारण लांछन तथा भेदभाव को सम्बोधित करना और बच्चों को मनोसामाजिक सहायता प्रदान करना।

**उद्देश्य:**

मॉड्यूल के अंत में आप सक्षम होंगे कि

- वैश्विक महामारी की परिभाषा दे सकें और इसका वर्णन कर सकें।
- कोविड–19 और इसके नियंत्रण तथा रोकथाम के बारे में बता पाएंगे।
- कोविड–19 के दौरान उभरने वाले बाल संरक्षण के मुद्दों को बता पाएंगे।
- वैश्विक महामारी के दौरान बाल संरक्षण पर कार्य करने वालों जैसे विशेष किशोर पुलिस इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय परिषद् और बाल देखरेख संस्थानों की भूमिका बता पाएंगे।
- बच्चों को विभिन्न मनोसामाजिक सहायता और लांछन तथा भेदभाव को सम्बोधित करने के बारे में बता पाएंगे।